सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : शै०02/2023 दिनांक 04 जनवरी, 2023

परिवर्द्धित अधिसूचना

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा पूर्व अधिसूचना पत्रांक-शै०267/2022 दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 में संशोधन करते हुए सूचित किया जाता है कि पूर्व के क्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के नियमानुसार आयोजित 'विद्यावारिधि' (Ph.D.) प्रवेश परीक्षा 2021-22 में उत्तीर्ण समस्त छात्र, अध्यापक तथा पूर्व में आवेदनपत्र प्रस्तुत किये नेट/जे.आर.एफ. एवं विदेशी छात्र अधोलिखित विवरणानुसार 'विद्यावारिधि' (Ph.D.) उपाधि हेतु पंजीकरणार्थ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क (सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु रू० 500/- तथा अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु रू० 250/-) जमा कर आवेदन-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। विवरण निम्नवत् है :-

1.	सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के लेखानुभाग के पटल पर नगद शुल्क जमा करने की तिथि	दिनांक 10.01.2023 तक
2.	विद्यावारिधि (Ph.D.) उपाधि हेतु पंजीकरणार्थ आवेदन-पत्र शैक्षिक विभाग से प्राप्त करने की तिथि	दिनांक 10.01.2023 तक
3	विद्यावारिधि (Ph.D.) उपाधि हेतु पूरित आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों के साथ शैक्षिक अनुभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 12.01.2023 तक
4.	पंजीकरणार्थ मौखिक परीक्षा हेतु अनुसंधानोपाधि समिति की बैठकें	अलग से तिथि घोषित की जायेगी।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

कुलसचिव
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. निदेशक, अनुसंधान संस्थान/प्रकाशन संस्थान।
4. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त सूचना अपलोड कराने हेतु।
6. सहायक कुलसचिव (शैक्षिक)।
7. अधीक्षक (प्रशासन)/अधीक्षक लेखानुभाग को शुल्क जमा कराने हेतु।
8. जनसम्पर्क अधिकारी को समाचार-पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
9. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी